महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0/रासेयो/2026/1183-1189 दिनांकः–16.11.2026

सेवा में,

निदेशक(I.V.R.I.)/प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या/कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–दिनांक 12 जनवरी, 2027 को स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने एवं संकलित बुकलेट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव स्तर) उत्तर प्रदेश लखनऊ के संलग्न पत्र संख्याः ई–7694/32–जी0एस0/2026, दिनांक 14 नवम्बर, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 12.01.2027 (मंगलवार) को स्वामी विवकानन्द जी की 164वीं जयन्ती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, चरित्र विकास एवं स्वामी जी के आदर्शो के प्रचार–प्रसार हेतु अपने संस्थान द्वारा विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना अपेक्षित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की रा0से0यो0 इकाईयों के स्वयंसेवकों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की 164वीं जयन्ती के अवसर पर भव्य एवं सार्थक कार्यक्रमों के आयोजन की तिथिवार कार्ययोजना उपलब्ध कराते हुए भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यक्रम आयोजित करने के उपरान्त आयोजित गतिविधियों, संक्षिप्त विवरण एवं चयनित छायाचित्रों (फोटोग्राफ्स) को समाहित करते हुए एक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बुकलेट तैयार कर अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजन

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ, के संज्ञानार्थ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी महोदया, रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ, के संज्ञानार्थ–226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय, बरेली परिक्षेत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. वेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

16.11.26

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना